## एक नजर

### कामेश्वर बैठा ने संतोष के परिजनों से की मुलाकात

**छतरपुर।** थाना से महज कुछ ही कदमों पर स्थित कन्या मध्य विद्यालय के समीप सोमवार के शाम हुई गोली कांड में घायल संतोष साव के परिजनों से पूर्व सांसद सह बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी कामेश्वर बैठा ने मुलाकात की और उन्हें हर संभव मदद की बात कही।

### ट्रांसफार्मर को जलने से बचाया, लोगों को मिली राहत

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद नगर पंचायत के भट्ठी मुहल्ला स्थित बिजली के ट्रांसफॉर्मर में बीती रात्रि आग लग गयी। आग लगने की घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने मंगलवार की अहले सुबह करीब 3 बजे हुसैनाबाद के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार को दी। ततपश्चात नपं अध्यक्ष स्थल पर पहुंच कर बिजली विभाग के पदाधिकारी व कर्मियों को ट्रांसफॉर्मर में आग लगने की सूचना देने के बाद बिजली विभाग ने बिजली सप्लाई बंद करा दिया और मौके पर पहुंच कर ट्रांसफॉर्मर में लगे आग को बुझाकर ट्रांसफॉर्मर को ठीक कर बिजली आपूर्ति बहाल कराया गया। इससे मोहल्लों वालों ने भीषण गर्मी में राहत की सांस ली है।

### नामांकन फार्म का वितरण दो मई से, दिव्यांग छात्रों को प्राथमिकता

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के बलवंत सिंह नामधारी मेमोरियल इंटर कॉलेज परिसर में मंगलवार को प्राचार्य अजय प्रसाद के अध्यक्षता में शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारियों के साथ बैठक किया गया। बैठक में सत्र 2024 -26 इंटरमीडिएट कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में नामांकन हेतु विचार विमर्श किया गया। वहीं प्राचार्य अजय प्रसाद ने बताया कि तीनों संकायों में नामांकन हेतु 2 मई से नामांकन फार्म का वितरण किया जाएगा तथा प्राविटी के आधार पर वरीयता दी जाएगी। वहीं 9 मई से नामांकन लिया जाएगा। नामांकन में दिव्यांग छात्रों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस बैठक में उपेंद्र कुमार सिंह, निकिता कुमारी, भोला मेहता, मनु देव, सुदामा प्रसाद, अभिमन्यु कुमार सिंह, मनु महतो, पार्वती कुवर, सविता देवी, फुलवा देवी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# इंटर संकाय... पलामू टॉप टेन में हुसैनाबाद की छह छात्र-छात्राएं शामिल



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा इंटरमीडिएट की विज्ञान वार्षिक परीक्षा-2024 में हुसैनाबाद क्षेत्र के बेहतर परिणाम रहा। क्षेत्र के कई विद्यार्थियों ने पलामू टॉप टेन में स्थान लाकर नाम रौशन किया है। जिसमे महेंद्र प्रसाद महत के पुत्र मनीष कुमार ने -467 व रामप्रवेश शर्मा के पुत्र आशुतोष शर्मा ने 462 अंक लाकर पलामू टॉप -10 में क्रमशः दूसरा व चौथा स्थान प्राप्त किया है। दोनों शहीद भगत सिंह इंटर महाविद्यालय के छात्र हैं। वही प्लस -2 बालिका उच्च विद्यालय हुसैनाबाद की चार छात्राओं ने पलामू टॉप-10 में स्थान प्राप्त किया है, जिसमें अनिल यादव की पुत्री नेहा कुमारी- 460, निर्मल कुमारी की पुत्री निशा रानी- 457 ,ललन मेहता की पुत्री खुशबू कुमारी -456,अनूप कुमार सिंह की पुत्री खुशी कुमारी-454 अंक का नाम शामिल है। निशा रानी उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार की पुत्री है। उसके पिता व माता संगीता देवी ने बताया कि वह शुरू से ही अपने कार्यो के प्रति सजग रही है। दसवीं बोर्ड में भी उसने 96 प्रतिशत अंक अर्जित किया था। अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरुजनों को देते हुए निशा ने बताया कि डॉक्टर बनकर गरीबों की सेवा करना मेरा लक्ष्य है। उसने कहा कि परिश्रम कभी बेकार नही जाती । विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर एसबीएस महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. संजय कुमार सिंह,प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रेम प्रकाश सिंह,प्रो. मुन्ना सिंह,जुबैर अंसारी, राजेश गुप्ता,सुनील कुमार,कन्हैया प्रसाद, अंगद प्रसाद समेत कई प्रबुद्ध लोगों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

**इधर,** राजकीयकृत + 2 हाईस्कूल हैदरनगर में मंगलवार को इंटर के तीनों संकाय के बेहतर परीक्षा परिणाम मिलने से परीक्षार्थी व अभिवावकों सहित समस्त विद्यालय परिवार में उत्साह है। प्राचार्या गंगा अग्रवाल ने बताया कि इस स्कूल से इंटर संकाय में सिद्रा परवीन ने 89. 8 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम श्रेणी में स्कूल टॉपर बनी है। जबकि फैजर रहमान द्वितीय व अदिती कुमारी ने तृतीय स्थान लाई है। वहीं कला संकाय में सिंपी कुमारी ने 62. 2 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम श्रेणी से स्कूल टॉपर बनी है। जबकि रीशिका कुमारी द्वितीय व गुड्डी कुमारी ने तृतीय स्थान लाई है। वाणिज्य संकाय में दानिश खान ने 72. 2 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम श्रेणी से स्कूल टॉपर बनी है। जबकि साबरीन कौशर द्वितीय व रेहान अंसारी ने तृतीय स्थान लाई है। उन्होंने कहा कि विद्यालय के सभी सहयोगी शिक्षकों के नियमित पठन पाठन, अनुशासन से बेहतर परिणाम का श्रेय उन्हें जाता है। वरीय सहायक शिक्षक मो. राशिद ज्या, आशीष मिश्रा, बैजनाथ राम ने बताया कि विज्ञान संकाय में शामिल कुल 913 में 602 प्रथम, 229 द्वितीय व 8 परीक्षार्थी तृतीय श्रेणी से उतीर्ण हुए हैं। जबकि अनुतीर्ण व एबीसी श्रेणी में 7 परीक्षार्थी चले गये हैं। कला संकाय में शामिल कुल 159 में 6 प्रथम, 89 द्वितीय व 7 परीक्षार्थी तृतीय श्रेणी से उतीर्ण हुए। इसमें 55 अनुतीर्ण व एबीसी की श्रेणी में 2 परीक्षार्थी हैं। वाणिय संकाय में शामिल कुल तीन परीक्षार्थी शत प्रतिशत प्रथम श्रेणी लाया है। इस स्कूल का विज्ञान में परीक्षाफल का प्रतिशत 91. 89, कला में 64. 15 जबकि वाणिज्य में 100 प्रतिशत रहा है।

## इंटर कला... जिले में तीसरे स्थान पर रही रुपा



**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र बकोरिया गांव निवासी रुपा कुमारी पिता प्रभू सिंह, मां उर्मिला देवी, दादा भगेश्वर सिंह ने आइ ए कला में 410 अंक लाकर पलामू जिला में तीसरा स्थान हासिल किया है। रुपा कुमारी राजकीयकृत सर्वोदय +2 हाई स्कूल सतबरवा की छात्रा है। रुपा कुमारी के माता-पिता मजदूरी करते हैं। बेटी की सफलता से दादा भगेश्वर सिंह ने कहा पोती पढ़ाई में बड़ी मेहनत करती है। मां उर्मिला देवी बेटी की इस सफलता पर भावविभोर है। मां ने कहा बेटी घर के काम में मदद कर पढ़ाई करती है, मां ने कहा कि आधी रोटी खा कर भी पढ़ायेंगे। रुपा ने इस सफलता के लिए अपने माता-पिता व दादा व विद्यालय के शिक्षकों को श्रेय देती है। पुछे जाने पर रुपा कुमारी ने बताई मैं बहुत खुश हूं। आगे युपीएससी की तैयारी करुंगी। और अपने माता-पिता के साथ गांव, प्रखंड, जिला, राज्य एवं देश का नाम रौशन करुंगी। कुछ बनकर रहुंगी। रुपा के इस सफलता पर सांसद प्रतिनिधि सोनू सिकंदर ने रूपा को अंग वस्त्र एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया , और कहा कि हम लोग हर संभव मदद करेंगे। ऐसा होनहार बेटी गांव के लिए गर्व के समान है। इसके नाम पर पूरा गांव का नाम रोशन हो रहा है।

## लेस्लीगंज प्लस टू उच्च विद्यालय की दो छात्राएं टॉप टेन में


साक्षी कुमारी


खुशी कुमारी

**लेस्लीगंज।** इंटरमीडिएट कला संकाय के घोषित बोर्ड परीक्षा में एक बार फिर प्लस टू उच्च विद्यालय लेस्लीगंज के विद्यार्थियों ने परचम लहराया है। जिले में टॉप टेन में दूसरा स्थान पानी वाली विद्यालय की छात्रा साक्षी कुमारी है, जो लेस्लीगंज पुरानी बाजार के योगेंद्र प्रसाद की पुत्री है। साक्षी कुमारी कठिन परिश्रम कर आगे समाज के वंचित और पिछड़े लोगों के बीच शिक्षक बनकर शिक्षा का दीप जलाना चाहती है। वहीं दूसरी तरफ जिला में चौथा स्थान पाई विद्यालय की छात्रा खुशी कुमारी जो मुरमूसी के देवेंद्र राम की पुत्री है। और आगे चलकर सिविल सेवा में जाना चाहती है। दोनों छात्राओं की सफलता पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमरेश कुमार सिंह और शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है वहीं टॉपर छात्राओं को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

# पारा शिक्षक विजय सिंह की सड़क दुघर्टना में मौत

### छत्तीसगढ़ से लौटने के क्रम में हुई घटना



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** प्रखंड के रबदा पंचायत स्थित नेनुआ प्राथमिक विद्यालय में पदस्थापित 57 वर्षीय सहायक अध्यापक विजय सिंह की सड़क दुर्घटना में सोमवार को मौत हो गई। मंगलवार को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। नेनुआ गांव स्थित श्मशान घाट पर सहायक अध्यापक का दाह संस्कार किया गया। उनके बड़े पुत्र ने मुखाग्नि दी। स्व. सिंह के तीन पुत्र हैं। जानकारी के अनुसार सहायक अध्यापक विजय सिंह अपने किसी कार्य से छत्तीसगढ़ गए थे। जहां से लौटने के क्रम में दुर्घटना के शिकार हो गए। हालांकि इनका मौत मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हुई। बताया जाता है कि दुर्घटना में घायल होने के बाद शिक्षक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। जहां इलाजरत मौत हो गई। दुर्घटना में मौत की जानकारी मिलते हीं सगे संबंधी व परिजन अस्पताल पहुंचे। वहीं शव गांव-घर पहुंचते ही परिजन चित्कार मारकर रोने लगे। गांव का माहौल गमगीन हो गया। विजय सिंह शांत और मृदुभाषी स्वभाव के थे। इधर, सहायक अध्यापक विजय सिंह की निधन की सूचना मिलते ही नावाबाजार के शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई। सभी एक दूसरे को फोन कर कुशल क्षेम जानते रहे। शिक्षकों के द्वारा नावाबाजार बीआरसी में सामूहिक शोक सभा का आयोजन किया गया। वहीं प्रखंड क्षेत्र के सभी विद्यालयों में भी शोक सभा आयोजित की गई।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवती की मौत

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के अधौरा गांव निवासी उदय पासवान की 21 वर्षीय पुत्री रानी कुमारी ने मानसिक तनाव में आकर जहरीला पदार्थ का सेवन कर ली, जिससे उसकी मौत हो गई। बताया जाता हैं कि गंभीर हालत में परिजनों ने तत्काल इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि घरेलू बात को लेकर वह काफी तनाव में रह रही थी। सोमवार को इसी से गुस्साए युवती ने जहरीला पदार्थ खा ली। पुलिस ने मंगलवार को शव को अपने कब्जे लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### घर में लगी आग, लाखों की संपत्ति जलकर खाक

**नौडीहा बाजार।** प्रखण्ड के पंचायत करकटा अंतर्गत हरनी के विनोद यादव के घर में अचानक लगी आग। सूत्रों के द्वारा बताया गया कि विनोद यादव के बेटी सोनम कुमारी दीप जलाकर सभी कमरा में आरती कर रही थी। जिसमे एक कमरा में रखा हुआ गेंहू का भूसा जिसपर दीप जलते वक्त में ही भूसे पर गिर गया। जिससे भयानक आग का गोला बन पूरी घर में फैल गया। जिससे लाखों की संपत्ति जलकर हुआ खाक। वहीं खबर लिखे जाने तक स्थानीय ग्रामीण के द्वारा आग बुझाने की प्रयास जारी है।

### अरहर का 100 बोझा जलकर राख



**नौडीहा बाजार।** प्रखण्ड अंतर्गत ललगाड़ा पंचायत अंर्तगत कुहकुह कला निवासी राजेश भुइया के खलिहान में काफी गर्मी तापमान होने के कारण खलिहान में रखी हुई 100 बोझा अरहर दाल जलकर राख हो गया। ललगड़ा पंचायत मुखिया ने कॉल कांफ्रेंस पर बात चीत के दौरान बताया कि कुल अरहर दाल लगभग आंकड़ा लगभग पांच क्वींटल हुआ है। सहायता राशि के लिए नौडीहा बाजार थाना और नौडीहा बाजार प्रखण्ड अंचल अधिकारी सुभम बेला टोपनो को इसके लिए आवेदन दिया गया है। मुखिया ने आवेदन सौंप गरीब किसान राजेश भुइया के परिजनों को सहायता राशि के दिलाने का आश्वासन दिया है।

# तस्करी के लिए ले जा रहे 46 बछड़ों को पुलिस ने बरामद किया

### स्थानीय ग्रामीणों को जिम्मेनामा पर सौंपा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पिपरा पुलिस ने रविवार की रात भीतिहा मोड़ के समीप से तस्करी कर ले जाया जा रहे 46 बछड़ा को बरामद किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी बिमल कुमार ने बताया कि पशु तस्करों द्वारा बछड़ा को ले जाने की सूचना मिली थी. इस पर एसआई नकुल शर्मा के नेतृत्व में पुलिस बल ने कार्रवाई करते हुए भीतिहा मोड़ से बछड़ों को बरामद किया। हालांकि तस्कर पुलिस को देख भाग गए. इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिक दर्ज की गयी है। वही जब्त बछड़ों को मंगलवार को स्थानीय ग्रामीणों को जिम्मेनामा पर दे दिया गया है।

### पुलिस पर जबरन पशु छिनने का आरोप

धुसरुआ गांव निवासी गुड्डू कुमार यादव ने पुलिस पर जबरन पशु छीन कर ले जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उनके साथ नंदकेसर यादव, भीखन उरांव तथा राजेश्वर यादव एक साथ मिलकर पशु का व्यापार करते हैं। ये सारे पशु बिहार के कैमूर जिला के चैनपुर थाना अंतर्गत सिरसी पशु मेला से बछड़ा को खरीद कर लोहरदगा जिला के कुडू थाना क्षेत्र के सलनी बाजार बेचने ले जा रहे थे, तभी पुलिस बछड़ों के खरीदी कागजात को मारपीट कर छीन लिया तथा बछड़ा को जबरन थाना ले गयी। उक्त व्यापारियों ने न्याय की गुहार लगायी है। इस संबंध में थाना प्रभारी से पूछे जाने पर कहा कि लगाए गए सारे आरोप को गलत बताया है।

### भाजपा नेताओं ने पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चलाया जनसंपर्क

**विश्रामपुर।** जैसे -जैसे आम चुनाव नजदीक आ रहा है वैसे वैसे चुनाव प्रचार भी जोर पकड़ रहा है। सभी पार्टी प्रत्याशी और उनके समर्थक ग्रामीण क्षेत्रों में अपने जनसंपर्क अभियान को तेज करते जा रहे हैं। मंगलवार को भाजपा नेताओं ने विश्रामपुर प्रखंड के सिगसिगी,केतात,भंडार सहित कई ग्राम पंचायतों में पार्टी प्रत्याशी विष्णु दयाल राम के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया। भाजपा के जिला कार्यसमिति सदस्य शम्भू शरण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ही देश विश्वगुरु बनेगा। मौके पर विनय चौबे ,पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण मुरारी सिंह,बैजनाथ सिंह, शशि कुमार सिंह,केयास चौधरी,धनंजय मेहता, कृष्णा विश्वकर्मा, कन्हाई चौधरी, रिंकू चौधरी,प्रेम चौधरी,अजीत चंद्रवंशी, पिंटू चौधरी,रवि विश्वकर्मा, देवलाल चौधरी, हरि उरांव, प्रयाग उरांव, राजेश भुइयां सहित कई लोग मौजूद थे।

### बहनों का विश्वास मोदी के साथ है : लवली गुप्ता



**पांकी।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महिला मोर्चा सह पूर्व जिला परिषद सदस्य लवली गुप्ता ने पांकी विधानसभा सहित चतरा लोकसभा के कई गांव का भ्रमण करते हुए मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि बहनों का विश्वास मोदी के साथ है, अब वक्त बदल चुका है अब महिलाएं किसी के कहने पर वोट नहीं डालती, वह अपना वोट बेचती भी नहीं है। पहले महिलाओं का आधा समय पानी के जुगाड़ और लकड़ी के चूल्हे में खाना बनाने में ही गुजर जाता था, दस करोड़ से ज्यादा महिलाए स्वयं सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बनी है। जहां विपक्ष नारी शक्ति को खत्म करना चाहती है वहीं मोदी का नारा है नारी तू नारायणी, आज महिलाओं का मोदी के प्रति विश्वास बढ़ा है और महिलाओं के दम पर ही भाजपा का जो नारा है- अबकी बार चार सौ पार वह पूरा होने वाला है।

# 1984 के दंगे के बाद मुआवजे से वंचित 33 सिख पीड़ितों की सौंपी गई सूची



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता सतनाम सिंह गम्भीर को निर्देश दिया था कि वह जिलावार बताएं कि कितने पीड़ितों को मुआवजा नहीं मिला है? इसपर सतनाम मंगलवार को डालटनगंज पहुंचे। गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा साहिब पहुंचने पर सतनाम को इंद्रजीत सिंह डिंपल एवं चनप्रीत सिंह जॉनी ने स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पीड़ित परिवार गुरु सिंह सभा के गुरुद्वारा साहिब पहुंचे हुए थे। इंद्रजीत सिंह डिंपल एवं चनप्रीत सिंह जॉनी ने संयुक्त रूप से 1984 सिख दंगा के 33 पीड़ितों की सूची ऑल इंडिया सिख स्टूडेंट्स फेडरेशन के पूर्वी भारत अध्यक्ष सतनाम सिंह गंभीर को सौंपी, जिन्हें अब तक मुआवजा नहीं मिला है। ऑल इंडिया सिख स्टूडेंट्स फेडरेशन के पूर्वी भारत अध्यक्ष सतनाम सिंह गंभीर ने कहा कि उनकी कोशिश रहेगी कि एक भी पीड़ित परिवार मुआवजे से वंचित ना रहे। उल्लेखनीय है कि सतनाम सिंह गंभीर सिख पीड़ितों को इंसाफ दिलाने के लिए लगातार झारखंड का दौरा कर रहे हैं। सतनाम ने कहा कि दंगों के 40 वर्ष बाद भी इंसाफ ना मिलना बेहद पीड़ादायक है। उन्होंने कहा कि उनका संघर्ष अंतिम पीड़ित परिवार को इंसाफ मिलने तक जारी रहेगा। इस मौके पर मनमीत लूथरा, हरप्रीत कौर, त्रिलोक सिंह, गुरदेव सिंह, भूपेन्द्र सिंह, रणजीत कौर, मदनमोहन सिंह, प्रताप सिंह, जसप्रीत सिंह, मनजीत सिंह, जसमीत सिंह सहित काफी संख्या में पीड़ित परिवार उपस्थित थे।

### ग्रामीण दे रहे थे वोट बहिष्कार की चेतावनी

# प्रशासन ने समझा-बुझाकर मामला शांत कराया



**नवीन मेल संवाददाता**

**उंटारी रोड।** रोड की जर्जर हालात को देखते हुए प्रखंड उंटारी रोड अंतर्गत करकटा गाँव के ग्रामीणों ने रोड नहीं तो वोट नहीं का पोस्टर लगा कर वोट बहिष्कार की चेतावनी दी। इसकी जानकारी जैसे ही प्रखंड विकास पदाधिकारी आशा साहू को मिली। उन्होंने सोमवार शाम को करकटा पहुंच कर ग्रामीणों से मुलाकात की और ग्रामीणों को समझा बुझा कर पोस्टर हटवाया। पोस्टर हटाते हुए ग्रामीणों ने कहा कि दो दिन में हमारी मांगों को नहीं मानी गई तो पुनः हमलोग पूर्ण रूप से वोट का बहिष्कार करेंगें। इस सम्बंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा वोट बहिष्कार करने की जानकारी मिलने के बाद मैं वहां गई। गांव की सड़क स्थिति काफी जर्जर है। इस कारण ग्रामीणों का गुस्सा जायज है, लेकिन समस्या जन प्रतिनिधियों से है। इससे प्रशासन का कोई संबंध नहीं है। वोट बहिष्कार करने से इस समस्या का निवारण नहीं हो सकता। ग्रामीणों की मागों को सुना जाएगा । साथ ही हर संभव मदद की जाएगी। ग्रामीणों को समझाने के बाद वे वोट का बहिष्कार नहीं करेंगे। मौके पर उंटारी रोड थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, एसडीपीओ राकेश कुमार सिंह के साथ भारी संख्या में पुलिस बल और ग्रामीण मौजूद थे।

### चुनाव कार्य में लापरवाही बरतने के कारण चार बीएलओ को शो कॉज

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड में लोक सभा चुनाव संपन्न कराने को लेकर सीओ रणवीर कुमार व सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने लोकसभा चुनाव कार्य में लापरवाही बरतने वाले चार बीएलओ को शो कॉज किया है। जिनमें बूथ संख्या 18 की बीएलओ इंद्राणी प्रजापति, बूथ संख्या 21 की बीएलओ रीमा देवी, बूथ संख्या 24 की बीएलओ चिंता देवी व बूथ संख्या 43 की बीएलओ संजू देवी शामिल है । इन पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के आदेश पर निर्वाचन सम्बंधित प्रशिक्षण व चुनाव कार्य हेतु सामग्री का वितरण को लेकर प्रखंड सभागार में पिछले 26 अप्रैल को आयोजित बैठक में अनुपस्थित रहने का आरोप है। सीओ ने बताया कि इस मामले में उपरोक्त सभी बीएलओ से इस मामले में स्पष्टीकरण मांगा गया है ।. मालूम हो कि लोस चुनाव को लेकर इन दिनों मतदाता पर्चियों का वितरण का कार्य किया जा रहा। शत प्रतिशत मतदान को लेकर यह कार्य अंतिम चरण में है। कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर आवश्यक कार्रवाई की गई है ।

### अनियंत्रित कार उत्तर कोयल नहर में गिरी घायल चालक फरार

**हुसैनाबाद।** जपला नबीनगर मुख्य नहर मार्ग पर लोटनिया गांव के समीप अनियंत्रित कार नहर में जा गिरी। जिसमें कार चालक घायल हो गया है। इसकी सूचना मिलते ही चालक घायल, आसपास के ग्रामीणों ने नहर के बेड लेबल पर जाकर वाहन का खड़ा किया। इसके बाद घायल कार चालक को ग्रामीणों ने इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेजने की बात कही है। किन्तु चालक के किसी भी अस्पताल में नहीं होने की खबर है। दंगवार ओपी पुलिस घटनास्थल पहुंचकर कार को जब्त कर इस घटना की सभी जानकारी जुटाने में जुटी है। हालांकि सूखी नहर से कार को बाहर निकालने के लिये पुलिस हाइड्रा वाहन बुलाने का प्रयास कर रही है। दंगवार ओपी प्रभारी संजय यादव ने बताया कि पुलिस को देखकर चालक फरार हो गया है। जिससे उसका नाम पता मालूम नहीं हो सका है।

### बारात में असमाजिक तत्वों ने डाला खलल

# लड़की की नहीं हो सकी शादी पिता ने लगाई थाने में गुहार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** थाना अंतर्गत बरडंडा पंचायत के नवकाटोला गांव के हंसराज रजवार की बेटी की शादी होनी थी। बारात पहुंची तो परिजनों ने बरातियों को नाश्ता पानी देने लगे। इसी बीच बगल गांव पांती के कुछ असमाजिक तत्व शराब के नशे में धुत होकर बराती के साथ मारपीट करने लगे। जहां उपस्थित सभी बाराती रात में ही अपना जान बचाकर भाग गए। बारात हैदर नगर थाना क्षेत्र के निमियां गांव निवासी बटेश्वर रजवार व लड़का के बहनोई विकास रजवार से भी मारपीट की गई। सभी घायलों का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडल अस्पताल में किया गया। इस संबंध में लड़की के पिता हंसराज रजवार द्वारा मोहम्मद गंज थाना को सूचना दी गई। हंसराज रजवार ने बताया कि बारात आने की खुशी में पूरे रजवार परिवार के लोग लगे हुए थे। इसी बीच पांती गांव के कुछ युवक शराब के नशे आकर बराती के साथ मारपीट करने लगे। मारपीट के भय के कारण सभी बाराती भाग गए। उन्होंने कहा कि किसी भी लड़की के शादी में पास-पड़ोस के लोग खुशी से शामिल होते हैं, किंतु हमारे यहां लोग ऐसे घिनौने हरकत कर क्षेत्र व पंचायत को बदनाम कर दिया। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से हल्दी लगी अपनी बेटी की शादी कराने और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

इधर, इस संबंध में मोहम्मदगंज थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी ने बताया की पुलिस हेल्प लाइन के माध्यम से शिकायत पीड़ित परिवार के द्वारा की गई थी। घटना में संबंध में पीड़ित परिवार के लिखित आवेदन पर कानूनी कारवाई की जायेगी।

## एक नजर

### पति-पत्नी के आपसी विवाद में पत्नी ने खाया जहर, अस्पताल में भर्ती

**गढ़वा।** पलामू जिले के विश्रामपुर थाना क्षेत्र के छिपा दोहर गांव निवासी गंगा यादव की पत्नी राजमती देवी कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि आपसी घरेलू किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच आपस में विवाद हुआ था। इसी बात को लेकर राजमती देवी ने आक्रोशित होकर कीटनाशक खा ली। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों के द्वारा उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### बाइक दुर्घटना में पिता पुत्र घायल

**गढ़वा ।** सदर थाना क्षेत्र के चंदना गांव निवासी श्याम जी राम 50 वर्ष और उसका पुत्र राकेश कुमार 26 वर्ष मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गया है। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया गया कि दोनों एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर से डंडई गांव एक तिलक समारोह में जा रहे थे। इस दौरान बिडडा गांव के पास अचानक नीलगाय उसके बाइक के सामने आ गया। जिससे अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से घायल अवस्था में दोनों को उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां दोनों का इलाज चल रहा है। घटना में दोनों घायलों के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है।

### सांसद प्रतिनिधि रुपु महतो की मां का निधन

**मेराल ।** मेराल उतरी के मंडल सांसद प्रतिनिधि रुपु महतो एवं ड्राइवर सूरज महतो की मां का निधन मंगलवार की सुबह में हो गया है। उनके निधन की खबर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संजय भगत, मंडल अध्यक्ष उदय कुमार कुशवाहा, मनोज जायसवाल, चंद्रमणि पाठक, विजय प्रसाद, डॉ लालमोहन, रियासत अंसारी, विनोद प्रसाद कश्यप सहित कई लोग पहुंच कर परिजनों को सांत्वना दिए। उनका अंतिम संस्कार मेराल पूवार्री टोला स्थित सरस्वती नदी श्मसान घाट पर किया गया।

### पंखा टूट कर गिर जाने से युवक घायल

**गढ़वा ।** मझिआंव थाना क्षेत्र के बूढ़ीखड़ गांव निवासी हरि यादव का पुत्र मुकेश कुमार यादव 12 वर्ष पंख के गिरने से घायल हो गया है। घटना के बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहा उसका इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में बताया गया कि मुकेश कुमार यादव अपने रूम में सोया हुआ था।अचानक सीलिंग फैन टूट कर उसके ऊपर गिर गया। जिससे उसके कान कट गए। घटना के बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज हेतु सदर अस्पताल लाया गया है। घटना में घायल के बाएं कान में गंभीर जख्म का निशान है।

## गुप्त सूचना के आधार पर नावाडीह गांव में की गई छापेमारी

# देसी कट्टा व एक कारतूस के साथ उपाध्याय सिंह गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा ।** गढ़वा थाना अंतर्गत नावाडीह गांव के मुंद्रिका सिंह का पुत्र उपाध्याय सिंह के घर से छापेमारी कर एक देसी कट्टा व एक कारतूस पुलिस ने बरामद की है। इसकी जानकारी मंगलवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार ने गढ़वा थाने में प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि चुनाव को शांतिपूर्ण मतदान सम्पन कराने के लिए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे के निर्देश पर लगातार असामाजिक तत्वों के विरूद्ध छापेमारी करने का निर्देश दिया गया था। साथ ही कुछ ऐसे असुरक्षित मतदान केंद्र को चिन्हित किया गया है। उन्होंने बताया कि सोमवार की रात्रि गुप्त सूचना मिला था कि गढ़वा थाना क्षेत्र के नवाडीह गॉव निवासी उपाध्याय सिंह अपने साथ अवैध अग्येनाशस्त्र रखे हुए है। इसके बाद



इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक को दिया गया उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर उनके नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि छापेमारी दल द्वारा उपाध्याय सिंह के घर में छापामारी किया गया इस दौरान उसके पास से लोडेड देशी कट्टा बरामद हुआ जिसके नाल खोलकर देखने पर एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि पूछताछ में उपाध्याय सिंह ने बताया कि बरामद हथियार दरमी गांव निवासी क्यूम खान से खरीदा है उन्होंने बताया कि पूर्व में दरमी नवाडीह स्थित बूथों को गंभीर श्रेणी में रखा गया है। उन्होंने बताया कि बूथो के आसपास असमाजिक तत्वो पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि छापेमारी दल में उनके अलावे गढ़वा थाना प्रभारी कृष्णा कुमार साहु, पुलिस अवर निरीक्षक सुभाष कुमार पासवान गौतम कुमार, सहायक अवर निरीक्षक अभिमन्यु कुमार सिंह मनोज कुमार सिंह, आरक्षी विक्रम कुमार, देवकुमार उरांव एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# रमना उवि की छात्रा गुंजा कुमारी 92.4 प्रतिशत अंक के साथ बनी जिला टॉपर



**रमना ।** मंगलवार को जैक इंटर विज्ञान का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है। रमना उच्च विद्यालय की छात्रा गुंजा कुमारी 92.4 प्रतिशत अंक के साथ जिला टॉपर बनी है। उसने कुल 500 में से 462 अंक प्राप्त किया है,जिसमे गणित भौतिकी में 95-95,रसायन शास्त्र में 91,अंग्रेजी में 92 ओर जीव विज्ञान में 89 अंक प्राप्त की है।गुंजा कुमारी बोली कि वह पढ़- लिखकर सैन्य अधिकारी बनना चाहती है।उसने इस सफलता का श्रेय दादा-दादी,माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है। प्रखण्ड के परसवान गांव निवासी आलोक सिंह कुशवाहा एवं ललिता देवी की चार सन्तानो में दूसरे नम्बर की गूंजा कुमारी शुरू से ही पढ़ाई-लिखाई में मेधावी रही है। गुंजा नें कहा की सफलता के लिए विषयो का नियमित अभ्यास जरूरी है।गुंजा को पढ़ाई के अलावे ड्राइंग काफी पसंद है। रमना मानस मंदीर के सामने छोटी सी इलेक्ट्रिक की दुकान चलाने वाले अपने पापा आलोक सिंह कुशवाहा को अपना आदर्श मानती है। उसने बताया कि पिताजी के त्याग और समर्पण ही उसकी इस सफलता का मूल आधार है। बहरहाल गुजा के इस सफलता पर परिवार में जश्न का माहौल है। तथा फोन पर बधाइयों का सिलसिला लगातार जारी है। इधर बाजार निवासी कन्हैया प्रसाद गुप्ता एवं माधुरी देवी की पुत्री लक्की कुमारी ने भी 432 अंक के साथ जिले में नवा स्थान प्राप्त किया है। स्थानीय जिला पार्षद सह जिप अध्यक्ष शांति देवी,प्रमुख करुणा सोनी, सीओ सह बीडीओ बासुदेव राय, थानेदार अशफाक आलम नें गुंजा की सफलता पर हार्दिक बधाई दिए।

## न्यूज बॉक्स

### कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्रा मुन्नी कुमारी बनी इंटर आर्ट्स में विद्यालय टॉपर

**डंडई ।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल की ओर से मंगलवार को इंटरमीडिएट तीनों संकाय का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है । परीक्षा परिणाम में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा। विद्यालय की ओर से परीक्षा में भाग लिए 48 छात्राओं में 36 प्रथम श्रेणी 10 द्वितीय श्रेणी जबकि दो छात्राओं को परीक्षा में भाग नहीं लेने के कारण उनका परिणाम नहीं आ सका । उसके अनुसार मुन्नी कुमारी 72 . 2% अंक लाकर विद्यालय टॉपर बन गई । जबकि माया कुमारी 70% अंकों के साथ द्वितीय श्रेणी और सीमा कुमारी 69.4% अंक लाकर तृतीय स्थान पाने में सफल रही । वार्डन तनुजा कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय से इंटरमीडिएट आर्ट्स विषय की परीक्षा के लिए 48 छात्राओं को पंजीकृत कराया गया था ।उनमें दो छात्र परीक्षा में भाग नही ले पाए थे ।शेष 46 छात्राओं में 36 प्रथम श्रेणी और 10 द्वितीय श्रेणी अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन की है ।उन्होंने कहा कि हरबार की मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में विद्यालय का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा है । उतीर्ण हुए छात्राओं का उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए वार्डन तनुजा ने उन्हें दीघार्यु होने की कामना की है ।

### किस्मती कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग में शिविर लगाकर 15 लोगों ने किया रक्तदान



**मेराल।** मेराल उच्च विद्यालय के स्थित किस्मती कॉलेज ऑफ फामेर्सी एंड नर्सिंग में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर सदर अस्पताल गढ़वा ब्लड बैंक विभाग के प्रदीप कुमार ने रक्तदान कराया। रक्तदान डॉक्टर अनिल कुमार साव, लव कुमार सिंह, ओम विश्वकर्मा, दिलीप शर्मा, श्रीकांत चौधरी, विकास कुमार मिश्रा, पंकज कुमार, मनीष तिवारी, किंजल राठौड़, अंजली कुमारी, लव कुमार, रामाकांत प्रसाद, इंद्रजीत कुमार, सुविता देवी, अभिनव कुमार सहित 15 लोगों ने एक-एक यूनिट रक्तदान किया। डॉ अनिल कुमार साह ने कहा कि किस्मती कॉलेज आफ फामेर्सी एंड नर्सिंग में एक वर्ष में दो बार रक्तदान किया जाता है। रक्तदान को महादान कहा जाता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान द्वारा दिए गए रक्त से कई लोगों की जान को बचाई जा सकती है। उन्होंने युवकों एवं सामाजिक कार्यकताओं से भी बढ़-चढ़कर रक्तदान करने का आग्रह किया।

### किस्मती कॉलेज ऑफ फार्मेसी ने वोटरों को किया जागरूक



**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय में स्वीप कार्यक्रम के तहत किस्मती कॉलेज ऑफ फामेर्सी एंड नर्सिंग द्वारा मंगलवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम रैली निकाला गया । मतदाता जागरूकता रैली किस्मती कॉलेज ऑफ फामेर्सी कॉलेज से होते हुए हाईस्कूल मेराल के रास्ते बस स्टैंड पहुंचा। जहां जगह जगह लोगों को मतदान एवं उसके अधिकार से संबंधित जानकारी दी गई। जागरूकता रैली में सभी के हाथों में मतदान करने को लेकर स्लोगन लिखा हुआ बैनर था। इसमें पहले मतदान फिर जलपान सहित कई स्लोगन लिखा हुआ था। इसके बाद लखेया मोड़ होते हुए कॉलेज में रैली पहुंच कर समापन हो गया। इस मतदाता जागरूकता रैली को सफल बनाने में कॉलेज के डायरेक्टर लव कुमार, विकास कुमार मिश्र, लेक्चरर मनीष कुमार तिवारी, किंजल राठौड़, अंजनी कुमारी, ममता कुमारी, ओम प्रकाश, लव कुमार, रामाकांत प्रसाद सहित छात्र छात्राएं शामिल थे।

### सरकारी स्कूलों में बच्चों को मिला ग्रेड कार्ड



**रमना ।** सरकारी विद्यालयों में मंगलवार को वार्षिक मूल्यांकन का परिणाम प्रकाशन किया गया। मध्य विद्यालय, सिलिदाग-2, मानदोहर, कस्तूरबा गांधी रमना सहित सभी प्राथमिक व मध्य विद्यालयों में बच्चों को ग्रेड कार्ड का प्रदान किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों ने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा देने का भरपूर प्रयास किया गया है। वहीं अगले सत्र में बच्चों को और बेहतर शिक्षा देने का प्रयास किया जाएगा। अभिभावकों से बच्चों के बेहतर शिक्षा के लिए सहयोग देने एवं बच्चों के बेहतर प्रगति के लिए शिक्षकों के साथ सामंजस्य बनाने की अपील की। इस अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुनीता कुजूर ने कहा कि सभी विद्यालय द्वारा वार्षिक मूल्यांकन के रिजल्ट का प्रकाशन करते हुए ग्रेड कार्ड का वितरण किया गया।

# लोस चुनाव में पलामू संसदीय क्षेत्र से बीडी राम को जिताने का लिया संकल्प



**गढ़वा।** भंडरियां भाजपाइयों ने लोकसभा चुनाव में पलामू संसदीय क्षेत्र से बीडी राम को जिताने का संकल्प लिया। शक्ति केंद्र भंडरिया बूथ संख्या 400, 401 पर मंडल स्तर से लेकर बूथ स्तर तक के भाजपा कार्यकताओं की एक बैठक भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर की अध्यक्षता में की गई। मौके पर मुख्य रूप से मंडल प्रभारी उत्तम पांडे उपस्थित थे। बैठक में हर बूथ पर पूर्व के मतदान से 10% अधिक मतदान भाजपा के पक्ष में करने में चर्चा की गई। साथ ही आगामी 4 मई को मोदी के आगमन पर भंडरिया प्रखंड के सभी बूथों से जाकर कार्यक्रम सफल बनाने का निर्णय लिया गया बैठक में उपस्थित मंडल उपाध्यक्ष वा भंडरिया पंचायत के मुखिया विनय सिंह ने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा कि पहले मतदान फिर जलपान करना है। और भारी मतों से वीडी राम को जिताकर दिल्ली के संसद भवन तक पहुंचाना है।केंद्र में 400 पार के साथ फिर से एक बार मोदी सरकार बनाना है। मौके पर विनय जायसवाल, बिरजू सिंह, आनंदी सिंह, विजय पासवान, विनोद गुप्ता, रामजी ठाकुर ,भागीरथी विश्वकर्मा, दिलीप तमोली, सत्यनारायण गुप्ता, आनंद कुमार आनंद, रूपेश बैठा, प्रेमनाथ ठाकुर, सहित सभी उपस्थित थे।

### पिता के फटकार के बाद युवक ने खाया कीटनाशक, मौत

**गढ़वा ।** मेराल थाना क्षेत्र के चामा गांव निवासी शिवनाथ विश्वकर्मा का पुत्र सतीश विश्वकर्मा 32 वर्ष कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या कर लिया है। घटना के बाद परिजनों ने के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया गया कि सतीश विश्वकर्मा लगातार कुछ दिन से शराब के नशे में घर आता था। इसी बात को लेकर उसके पिता के द्वारा यह कहते हुए मना किया जाता था कि अपने घर में लहसुन प्याज की भी मात्रा नहीं बनती है। आक्रोश में आकर सतीश विश्वकर्मा ने कीटनाशक दवा खा लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों आनंद फानन में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद बिना पोस्टमार्टम कराए परिजनों ने शव को अपने घर ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया। यहां तक की पुलिस को भनक तक नहीं लगी।

# पारा शिक्षक बायोमीट्रिक हाजरी के बाद घर पर चिकित्सक बन करता था इलाज

### मझिआंव के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में फर्जी चिकित्सकों की भरमार

### सोनपुरवा पंचायत के मुखिया की जांच में हुआ खुलासा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव ।** मझिआंव प्रखंड के सोनपुरवा पंचायत के मुखिया अख्तर खान द्वारा मंगलवार को सुबह साढ़े सात बजे मध्य विद्यालय सोनपुरवा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सहायक शिक्षक मुरारी चौधरी विद्यालय में नहीं पाये गये। इसके बाद जब मुखिया द्वारा उनके घर जाकर पता किया गया तो वे अपने घर के बरामदे में अपने क्लिनिक में बैठे पाये गये। इस संबंध में मुखिया ने बताया कि बार बार शिकायत मिलने के बाद आज 30 अप्रैल 2024 को मेरे द्वारा स्कूल का निरीक्षण किया गया जिसमे यह शिकायत सत्य पाया गया जिसके साक्ष्य के रूप में विद्यालय के समय में क्लिनिक में बैठने का उनके पास वीडिओ मौजूद है। शिक्षक उसमे साढ़े सात बजे यह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि वह छुटी लेकर इमरजेंसी में खाना खाने घर आये थे।मुखिया ने कहा कि वे इसकी लिखित शिकायत शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के पास करेंगे। मुखिया ने कहा कि आश्चर्य की बात है कि बिना कोई डिग्री के एक शिक्षक फर्जी डॉक्टर बनकर मरीज के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहा है। इसकी भी जांच कर कार्रवाई करने के लिए स्वास्थ्य विभाग को लिखेंगे।

# गुमला जिले में स्वीप गतिविधि के तहत रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला ।** जिला अंतर्गत आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने हेतु आज मंगलवार को स्वीप कोषांग के अंतर्गत सदर अस्पताल गुमला में रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह समाज कल्याण पदाधिकारी ने वहां रक्त दान करने आए मतदाताओं को जिले में 13 मई को होने वाले मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का संदेश दिया। शिविर का उद्घाटन करते हुए अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार सिन्हा ने कहा कि जिस तरह जिंदगी के लिए एक-एक बूंद खून जरूरी है, उसी तरह स्वस्थ लोकतंत्र में एक-एक वोट का महत्व है। जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी एवं अपर मुख्य चिकित्साधिकारी के द्वारा मतदाताओं से मतदान के दिन अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने व मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील की। जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी ने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने और वोटरों को जागरूक करने के लिए बूथ स्तर पर भी स्वीप कार्यक्रम के तहत तरह-तरह के आयोजन किए जा रहे हैं। रक्तदान शिविर उसी कार्यक्रम का हिस्सा है। बताया कि वैसे मतदाता जिनका नाम वोटर लिस्ट में नहीं है, उन्हें फॉर्म 6 भरकर बीएलओ के पास जमा करने या फिर ऑनलाइन माध्यम से फॉर्म भरने की अपील की। आज के रक्तदान शिविर में लगभग 30 लोगों ने रक्तदान किया। इस शिविर में ऐसे भी लोग पहुंचे जिन्होंने पहली बार रक्तदान किया, तो कुछ ऐसे थे जो सालों से रक्तदान करते आ रहे हैं। कार्यक्रम के पश्चात वहां उपस्थित मतदाताओं, नर्सेज एवं उपस्थित पदाधिकारियों ने भी मतदान शपथ ग्रहण करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।

स्वीप गतिवधि के तहत रक्ददान शिविर का आज से शुभारंभ हुआ इसके पश्चात 11 मई तक विभिन्न प्रखंडों में भी स्वीप कार्यक्रम के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। 02 मई को सिसई प्रखंड कार्यालय, 03 मई पालकोट प्रखंड कार्यालय, 04 मई को विशुनपुर प्रखंड कार्यालय, 06 मई को बसिया प्रखंड कार्यालय, 07 मई को चैनपुर प्रखंड कार्यालय, 08 मई को डुमरी प्रखंड कार्यालय, 09 मई को जारी एवं भरनो प्रखंड कार्यालय, 10 मई को कामडारा प्रखंड कार्यालय एवं 11 मई को घाघरा प्रखंड कार्यालय में रक्त दान शिविर का आयोजन करते हुए मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया जाएगा।

# लोहिया समता उवि की छत से सोलर पैनल चोरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड मुख्यालय केतार स्थित लोहिया समता उच्च विद्यालय के खेल भवन के छत से अज्ञात चोरों ने सोलर पैनल चोरी कर लिया है।इसको लेकर प्रधानाध्यापक दिलेश गुप्ता ने मंगलवार को केतार थाना में आवेदन देकर सनहा दर्ज कराया है। प्रधानाध्यापक ने बताया की खेल भवन के छत पर तीन सोलर पैनल लगाया गया था जिसमें एक सोलर पैनल 27 अप्रैल की रात्रि में अज्ञात लोगों द्वारा चोरी कर लिया गया है। सोलर पैनल चोरी होने की जानकारी विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों को 28 अप्रैल को हुआ। प्रधानाध्यापक दिलेश कुमार गुप्ता ने थाना प्रभारी से अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्रवाई करने का आग्रह किया है ताकि पुनः इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो। विगत दो माह पुर्व 28 फरवरी को लोहिया समता उच्च विद्यालय का आफिस का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने 1.98 लाख रुपए चोरी किया था।उस वक्त भी प्रधानाध्यापक के द्वारा केतार थाना में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई गई थी। लेकिन दो माह बीत जाने के बाद भी पुलिस इस घटना का उद्भेदन करने में असफल रही। इससे चोरों का मनोबल बढ़ा हुआ है।इससे पुर्व भी चोरों ने प्राथमिक विद्यालय चांदवा, मध्य विद्यालय ताली सहित अन्य स्थानों से सोलर पैनल चोरी किया है। लेकिन अभी तक किसी भी चोरी की घटना का उद्भेदन नहीं हो पाया है। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी रौशन कुमार ने कहा की सोलर पैनल चोरी का आवेदन प्राप्त हुआ है, प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की तहकीकात करेगी।

## डीएवी में चला मतदान जागरूकता कार्यक्रम

**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में प्राचार्य जीपी झा के नेतृत्व व निर्देशन में जूनियर डीएवी के प्रभारी शिक्षक अश्विन पात्रों द्वारा मतदान जागरूकता संबंधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए तथा लोहरदगा क्षेत्र के लोगों को आगामी 13 मई 2024 को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से कक्षा यूकेजी से लेकर कक्षा द्वितीय तक के बच्चों के लिए दिनांक 28 को ऑनलाइन पेटिंग तथा कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसका शीर्षक था 'जागो मतदाता जागो' व '13 मई 2024 को वोट करेगा लोहरदगा'। इस प्रतियोगिता में कक्षा यूकेजी में राधिका उरांव, कैरा खाका, अथन उरांव, जयेश कुमार, सूर्यांश कुमार साहू, सानवी कुमारी और अनुराग कुमार दुबे ने प्रथम स्थान अर्जित किया।

## नियमित बिजली नहीं मिलने से व्यवसाय व खेती पर पड़ रहा असर

# केतार में बिजली संकट से जूझ रहे हैं ग्रामीण



**नवीन मेल संवाददाता**


**केतार।** केतार प्रखंड क्षेत्र के उपभोक्ता पिछले एक माह से बिजली संकट से जूझ रहे हैं। इससे लेकर बिजली उपभोक्ताओं में रोष है। केतार विद्युत सब स्टेशन द्वारा अनियमित बिजली आपूर्ति से उमस भरी गर्मी में लोग बेहाल है। रात में बिजली नहीं रहने पर लोगों को रात जाग कर बिताना पड़ रहा है। नियमित बिजली नहीं मिलने के कारण व्यवसाय, पेयजल, बच्चों की पढ़ाई और खेती कार्य पर भी इसका असर पड़ रहा है। केतार विद्युत सब स्टेशन के कर्मियों ने बताया की परसोडीह और केतार फिटर को चार- चार घंटे विद्युत आपूर्ति की जा रही है। लेकिन उपभोक्ताओं को मात्र ढाई- तीन घंटे ही बिजली मिल रही है। केतार प्रखंड के विभिन्न गांवों में गरमा मुंग की खेती किसानों द्वारा बड़े पैमाने पर की जाती है। लेकिन नियमित बिजली आपूर्ति नहीं होने से उनकी मुंग की फसल सुखने की कगार पर है। किसान परंपरागत व्यवस्था डीजल पंप को छोड़कर पूरी तरह विद्युत मोटर पर खेतों की सिंचाई के लिए निर्भर हो गये थे, लेकिन विगत 30 मार्च से नियमित बिजली नहीं मिलने से किसानों की फसलों को नुक्सान पहुंच रहा है। फिलहाल नियमित बिजली आपूर्ति की संभावना नहीं दिख रही है।



केतार प्रखंड में पिछले एक माह से बिजली समस्या लोगों को रूला रही है। उमस भरी गर्मी में लोगों का जीना मुहाल हो गया है। पंखा, कुलर, फ्रीज शोभा की वस्तु बन कर रह गई है। आम लोगों की इस परेशानी के प्रति प्रशासन का रवैया ठीक नहीं है। यहां तक की दुकानदार भी प्रभावित हो गये है। **-चन्दन प्रसाद, यूथ कांग्रेस, प्रखंड अध्यक्ष, केतार**



नियमित बिजली आपूर्ति नहीं होने से बिजली आधारित सभी काम प्रभावित हो रहे हैं। गर्मी से बच्चे, बुजुर्ग परेशान हैं। खेतों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। इस समस्या का जल्द निदान के लिए प्रशासन को गंभीरतापूर्वक काम करने की जरूरत है। ताकि लोगों को नियमित बिजली मिल सकें। **-ज्वाला प्रसाद, जिला परिषद सदस्य, केतार**



केतार प्रखंड को चौबीस घंटे में मात्र 3 घंटा ही बिजली मिल रही है। सरकार और प्रशासन को अविलंब राहत देते 20-22 घंटा बिजली आपूर्ति देना चाहिए, ताकि लोगों को गर्मी से राहत मिले। **-प्रिया सिंह, समाजसेवी, मुकुन्दपुर**

### नियमित बिजली आपूर्ति में लगेंगे एक सप्ताह

नियमित विद्युत आपूर्ति में एक सप्ताह लगेंगे, फिलहाल कार्य अंतिम चरण में है। एक सप्ताह में सभी प्रखंडों में नियमित बिजली आपूर्ति मिलेगी। **-आशीष कुमार, एसडीओ, भागोडीह ग्रिड**

## युवक सीढ़ी से गिरकर हुआ घायल, लाया गया सदर अस्पताल

**गुमला ।** रायडीह थाना क्षेत्र के मरदा गांव में घर के छत से सीढ़ी से नीचे उतरने के क्रम में स्वर्गीय रंजीत डुंगडुंग का 14 वर्षीय पुत्र नितेश डुंगडुंग सिर के बल जमीन पर गिर गया। तत्काल परिजन घायल किशोर को सदर अस्पताल ले गए।जहां उसका इलाज चल रहा है।जानकारी के अनुसार किशोर छत पर सोने के लिए गया था किसी काम को लेकर वह लकड़ी के सीढ़ी से नीचे उतर रहा था। तभी सिर के बल जमीन पर गिर गया।


**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-रिटर्निंग अधिकारी**
**13-पलामू संसदीय निर्वाचन क्षेत्र**
**(निर्वाचन आय-व्यय कोषांग)**

**प्रेस विज्ञाप्ति**

- प्रत्येक अभ्यर्थी के व्यय रजिस्टर में निरीक्षण के लिए अनुसूची तैयार करना है। अभ्यर्थियों के व्यय रजिस्टर की जाँच के लिए 03 तारीखें इस प्रकार नियत की जाएगी कि दो निरीक्षणों के मध्य का अतराल कम से कम तीन दिन हो और अंतिम निरीक्षण मतदान के दिन से तीन दिन पहले ना हो।
- उक्त तिथियों को अभ्यर्थी निजी रूप से या अपने निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से या अपने द्वारा विधिवत रूप से प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा व्यय प्रेक्षक/लेखादल/निरीक्षण के लिए पदाभिहित अधिकारी के सम्मुख व्यय रजिस्टर पेश करेंगें।
- अभ्यर्थियों के व्यय रजिस्टर के निरीक्षण हेतु तीन तिथियों का निर्धारण निम्न प्रकार से किया जाता है:-

(1.) प्रथम जाँच की तिथि- दिनांक-02.05.2024 (बृहस्पतिवार)
(2.) द्वितीय जाँच की तिथि- दिनांक-06.05.2024 (सोमवार)
(3.) तृतीय जाँच की तिथि- दिनांक-10.05.2024 (शुक्रवार)

निरीक्षण का समय:- सुबह 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक
निरीक्षण स्थल:- राज्य-कर संयुक्त आयुक्त, कार्यालय पलामू अंचल, डालटनगंज

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
-सह-रिटर्निंग अधिकारी
13-पलामू संसदीय निर्वाचन क्षेत्र

PR 324241 Palamu(24-25)#D

# चतरा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के केएन त्रिपाठी समेत पांच प्रत्याशियों ने किया पर्चा दाखिल

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** 04 चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के नामांकन के तीसरे दिन कांग्रेस प्रत्याशी कृष्णानंद त्रिपाठी सहित 05 उम्मीदवारों ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। सभी ने समाहरणालय स्थित कार्यालय में जिला निर्वाचन पदाधिकारी रमेश घोलाप के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। जिसमें सुमित कुमार यादव स्वतंत्र रूप से 02 सेट में, डॉ. सीताराम सिंह जयप्रकाश जनता दल से 04 सेट में, संजय कुमार स्नेही स्वतंत्र रूप से 01 सेट में, दर्शन गंझू स्वतंत्र रूप से 01 सेट में एवं केएन त्रिपाठी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से 02 सेट में अपना नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। इस तरह नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन तक कांग्रेस से श्री त्रिपाठी, बीजेपी से कालीचरण सिंह व निर्दलीय डॉ. अभिषेक कुमार सिंह सहित कुल 09 उम्मीदवारों ने अपना नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। वहीं कुल 26 फॉर्म की बिक्री हुई। दूसरी ओर नामांकन को लेकर समाहरणालय परिसर में सुरक्षा के चक चौबंद व्यवस्था करने के साथ बैरिकेटिंग की गई थी। प्रत्याशी के साथ नामांकन के लिए मात्र 4 लोगों को ही अंदर जाने की अनुमति थी।



## केएन त्रिपाठी के नामांकन में शामिल हुए सीएम तीन मंत्री और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

**चतरा।** राज्य के मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन इंडी गठबंधन से चतरा लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के नामांकन में शामिल होने मंगलवार को चतरा पहुंचे। उनके साथ झारखंड के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, श्रम मंत्री सत्यानन्द भोक्ता, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के अलावा बड़का गांव विधायक अम्बा प्रसाद, लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम सहित अन्य शामिल थे। श्रम मंत्री सत्यंद भोक्ता ने स्टील प्लांट और रेलवे लाइन लाने की बात पट कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार छलावा की सरकार हैं। जिनके द्वारा चुनाव में मतदाताओं से झूठा भाषण झुठा आश्वासन देने का काम करती है। उन्होंने कहा कि 20 मई को कोंग्रेस के पक्ष में वोट कर भाजपा प्रत्याशी को तड़ीपार करें। वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने सभा में कहा कि अपार भीड़ को देखकर ही लगता है कि चुनाव के दिन भी कुछ अलग होगा। इसलिए 20 मई के चुनाव में केएन त्रिपाठी को अपना मत देकर उन्हें विजयी बनाएं और संसद भेजे। उन्होनें कहा कि यह चुनाव देश का चुनाव है ना कि बाहरी भीतरी का। यहां गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई की लड़ाई है।

## एक नजर

### सफल मतदान को ले बनी कई रणनीति

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को लोकसभा चुनाव 2024 के सफल संचालन को लेकर प्रखंड कर्मियों के साथ प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी दिगंबर पांडेय ने बैठक की। जिसमें मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधा का अवलोकन लगातार करने के साथ पड रही गर्मी को देखते हुए पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने की रणनीति बनाई गई। जबकि मतदाताओं के लिए छायादार शेड उपलब्ध कराने की बात कही गई। कर्मियों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के साथ मतदाताओं को अधिक से अधिक मताधिकार प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया गया। घर-घर जाकर मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेने का आमंत्रण देने को कहा गया। बैठक में बीपीओ रामकुमार सिंह, पंचायत सचिव, एई मनोज कुमार, जेई सचिनदत शर्मा, निर्मल दांगी, पार्वती कुमारी, सत्येंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

### चतरा जिले के 2244 मतदाता करेंगे ब्रेल लिपि से मतदान

**चतरा।** जिला प्रशासन द्वारा जिले में मतदान के दिन अधिक से अधिक मतदाता बूथों पर पहुंच कर मतदान कर सकें। इसके लिए लगातार रात चौपाल और जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव के दौरान समुदाय के हर वर्ग कि भागीदारी सुनिश्चित हो इसे देखते हुए जिला प्रशासन के मतदान के दिन 20 मई को वोट करने की अपील भी की जा रही है। मतदान केंद्रों पर बेहतर सुविधा बहाल करने के लिए भी लगातार कार्य किए जा रहे हैं। चतरा जिले में पीडब्ल्यूडी वोटरों की कुल संख्या 11156 है। इनमें से 2244 मतदाता ब्रेल लिपि की सहायता से मतदान करेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी रमेश घोलप ने जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांग जन मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों पर विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

### संतोष बने आजसू के जिला सचिव, सिकेंद्र प्रखंड अध्यक्ष

**(चतरा)।** लोकसभा चुनाव को लेकर आजसू पार्टी ने जिले के मयूरहंड प्रखंड के संगठन में बदलाव के साथ नये व



ऊजार्वान युवाओं को कमान सौंपी है। चतरा जिला के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष महेश महतो ने पत्र जारीकर मयूरहंड प्रखंड के सोकी गांव निवासी संतोष मेहता को पार्टी का जिला सचिव व ढोढ़ी निवासी सिकेन्द्र मेहता को प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं मयूरहंड़ निवासी जितेंद्र सिंह को युवा मोर्चा का प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया है। प्रखंड के दोनो पदाधिकारी ने बताया कि पार्टी ने जिस विश्वास के साथ कार्य सौंपी है, उसे ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करूँगा। इधर आजसू के लोकसभा सह प्रभारी सत्येंद्र जायसवाल ने संगठन के नये पदाधिकारी को शुभकामनाएं दी है।

## धनगड्डा भंडार में लगी आग एक दर्जन परिवार हुए बेघर

**टंडवा(चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत धनगड्डा मौजा के भंडार में मंगलवार को अचानक आग लग गई। जिससे पूरा धनगड्डा भंडार खपड़ैल नुमा घर जलकर खाक हो गया। घटना के बाद लगभग एक दर्जन परिवार बेघर हो गए। बताया गया कि घटनास्थल के पश्चिम दिशा में पूर्व से ही झाड़ी में आग लगा दी गई थी। वही आग खपड़ैल घर को अपने चपेट में ले लिया। उस वक्त घर के लोग सो रहे थे। जब घर से धुआं निकलने लगा तो ग्रामीणों ने हो हल्ला मचाया। जिसके बाद लोगो ने स्थानीय प्रशासन को घटना की सूचना दी। बाद में दमकल की तीन गाड़िया आई पर पानी के आभाव में घरों को बचाने में असफल रही। जिससे घर मे रखे सभी सामान जलकर खाक हो गया, तथा लाखो रूपए की संपति जलकर खाक हो गया। इस दौरान विभिन्न घरों मे रखे पांच सिलिंडर भी ब्लास्ट कर गए, जिससे आग और भड़क गई, घटना में तपेश्वर नारायण दास, जयकृत नारायण दास, जयप्रकाश सिंह, ललित नारायण दास, उपेन्द्र दास, प्रमोद, प्रकाश नारायण, आंनद सिंह, रंजन आदि पूरी तरह बेघर हो गए। घटना की सूचना के बाद सीओ विजय दास व राजस्व कर्मचारी अभय रंजन के नेतृत्व में बचाव राहत का कार्य चलाया गया, खुद सीओ आग बुझाने को लेकर मोनेटरिंग कर रहे थे। सीओ श्री दास ने बताया कि पीड़ित परिवार के क्षतिपूर्ति का आकलन किया जा रहा है। जिसके बाद मुआवजा राहत दी जाएगी।



## डीसी ने कृषि, पशुपालन, गव्य एवं मत्स्य विभाग के साथ की बैठक, समीक्षा में दिए गए कई निर्देश

### बैठक में किसानों के वित्त पोषण एवं किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने का निर्णय

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार ।** डीसी गरिमा सिंह की अध्यक्षता में कृषि, पशुपालन, गव्य एवं मत्स्य विभाग की गतिविधियों के लिए वित्त का पैमाना के निर्धारण के लिए जिला स्तरीय तकनीकी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, लातेहार अमृतेश सिंह के द्वारा जिला पशुपालन पदाधिकारी, लातेहार, जिला मत्स्य पदाधिकारी, लातेहार, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, लातेहार, कृषि विज्ञान केन्द्र, बालुमाथ, लातेहार द्वारा तैयार किये गये। वित्त का पैमाना से समिति के सभी सदस्यों को अवगत कराया गया। साथ ही बताया गया कि वित्त का पैमाना के निर्धारण का मुख्य उद्देश्य किसानों को कृषि, पशुपालन, गव्य तथा मत्स्य कार्य हेतु ऋण उपलब्ध कराने में ऋण की अधिसीमा निर्धारित करना है। बताया गया कि कृषि, पशुपालन, गव्य तथा मत्स्य की गतिविधियों के लिए वित्त का पैमाना को विगत वर्ष के आधार पर तथा वर्तमान स्थिति को लागत को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए हैं। समीक्षा के बाद सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से वर्ष 2024-25 के लिए कृषि, पशुपालन, गव्य एवं मत्स्य गतिविधियों के लिए निम्नवत वित्त का पैमाना निर्धारित किया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कृषि, पशुपालन, गव्य तथा मत्स्य की गतिविधियों के लिए निर्धारित वित्त का पैमाना के अनुरूप सभी बैंकर्स जिले के किसानों को वित्त पोषण एवं किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। ताकि अधिक से अधिक किसानों को कृषि एवं संबंधित क्षेत्र में लाभान्वित किया जा सके। बैठक में जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



## न्यूज बॉक्स

### गांव सरहुल पर निकाली गई शोभायात्रा



**महुआडाड़ ।** महुआडांड़ ग्राम वासी द्वारा मंगलवार को गांव सरहुल पूरे धुमधाम से मनाया गया।सरहुल महोत्सव को लेकर सरना समिति महुआडांड़ के सरना भवन से शोभायात्रा निकलकर अखाड़ा तक गई। आदिवासी समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा पहने पारंपरिक हथियार एवं ढोल नगाड़ो के साथ आदिवासी नृत्य करते हुए जुलूस मे शामिल हुए ,इस दौरान जय सरना जय चाला जय सरना,सरना माता की जय के गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा।वही सांस्कृतिक कार्यक्रम को सफल संचालन में विनय उरांव, राकेश उरांव, प्रवीन उरांव, रामु,कुन्ती देवी,हेलमईत देवी प्रेम शंकर का सहयोग रहा ।वही सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरूआत होने से पूर्व बैगा सुले द्वारा पुजा कर अच्छी बारिश और गांव की सुख शांति के सरना माता से प्रथार्ना की।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी हुए पुरस्कृत



**चंदवा।** संकुल संसाधन केंद्र काली में संकुल स्तरीय विद्यालयों का परीक्षा परिणाम मंगलवार को डुमारो मुखिया की उपस्थिति में कक्षा 1 से 7 तक का रिजल्ट का घोषणा किया गया। संकुल स्तर पर घोषणा के उपरांत सभी विद्यालयों में अभिभावकों के बीच बच्चों का रिपोर्ट कार्ड दिया गया। इस मौके पर पंचायत की मुखिया सुनीता खलखो ने कहा कि संकुल में यह एक नई शुरूआत है इसके लिए संकुल साधन सेवी विकास कुमार बधाई के पात्र है। बच्चे प्रोन्नत हो कर एक कक्षा से दूसरे कक्षा में चले जाते है परंतु जिस विद्यालय में कक्षा 5 एवं कक्षा 8 अंतिम कक्षा होती है वहां से बच्चे दूसरे विद्यालय में नामांकन नहीं ले पाते है। अतः सभी शिक्षक यह सुनिश्चित कर ले की आपके अपने विद्यालय के बच्चों का दूसरे विद्यालय में नामांकन करवा दिए है। संकुल साधन सेवी विकास कुमार ने बतलाया कि संकुल अंतर्गत 20 विद्यालय में कक्षा 1 से 7 तक के 1656 बच्चों का परिणाम जारी किया गया। जिसमें संकुल स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया बताते चलें कि कक्षा 1 से उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बजरमरी के छात्र प्रेम गंझू कक्षा 2 से उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बजरमरी से करण गंझू कक्षा 3 का उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय केंदुवाटांड़ से उपेंद्र गंझू कक्षा 4 से कक्षा 5 का उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बजरमरी से रितामुनी कुमारी कक्षा 6 का उ. म. विद्यालय ढोटी से मूर्ति कुमारी कक्षा 7 का उ.म. विद्यालय ढोटी से रीना कुमारी को संकुल स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संकुल के शिक्षक कौर्नेलियुस लकड़ा,दिलचंद मुंडा अधिक लाल तुरी,नन्हकू गांझू,सुमित्रा कुमारी,कुलदेव सिंह आदि मौजूद रहे।

## सेंट जेवियर्स स्कूल के गणित विभाग के विद्यार्थियों ने किया आउटरीच कार्यक्रम



नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़ ।** संत जेवियर्स महाविद्यालय महुआडांड़ के गणित विभाग के विद्यार्थियों और प्रोफेसर्स के द्वारा आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत उन्होंने महुआडांड़ स्थित राजडंडा गांव के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ समय व्यतीत किया और विद्यार्थियों के शिक्षा के स्तर को जानने का प्रयास किया। इस दौरान उन्होंने मध्य विद्यालय के बच्चों को पढ़ाया और उच्च शिक्षा के संदर्भ में जानकारी प्रदान की, इससे विद्यार्थी एक बेहतर शिक्षक, जागरूक, दयालु और परोपकारी नागरिक बनते हैं जो समाज की व्यापक भलाई में विश्वास करते हैं। साथ ही बच्चों को शिक्षा के प्रति उत्प्रेरित करने हेतु उनके बीच कॉपी और कलम का वितरण किया। इसके पश्चात गांव के कुछ जरूरतमंद लोगों को तौलिया तथा पानी बोतल का भी वितरण किया गया तथा उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक रहकर अपने बच्चों को शिक्षित करने के लिए उत्प्रेरित किया गया। कॉलेज के इस आउटरीच कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण समाज तक पहुंचना और शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जीवन शैली से भी विद्यार्थियों को अवगत कराना है। हमारी आउटरीच/विस्तार गतिविधियाँ वास्तव में हमें सकारात्मक दृष्टिकोण और मूल्यों के साथ शिक्षक पेशेवरों के पोषण के हमारे दृष्टिकोण और मिशन के करीब जाने में मदद करती हैं। जो शिक्षण, सीखने और अनुसंधान में उत्कृष्टता प्राप्त करते हैं, जो एक न्यायपूर्ण और देखभाल करने वाले समाज के निर्माण के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम कर सकते हैं।

## जैक के इंटरमीडिएट के परिणाम में छात्राओं ने मारी बाजी



**बालूमाथ।** प्रखंड राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय इंटर परीक्षा 2024 कला संकाय एवं वाणिज्य और साइंस का रिजल्ट 99% हुआ इस वर्ष विद्यालय से कल 965 छात्र एवं छात्राएं ने इंटर परीक्षा में सम्मिलित हुई थी जिसमें से 951 छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त की इसमें से 811 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं द्वितीय स्थान 137 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। जिसमे आर्ट में टॉपर विद्यार्थियों का लिस्ट चिंकी कुमारी रोल ना 30224 प्राप्त अंक 428, 85.6% राशि कुमारी रोल ना 30119 प्राप्त अंक 415 (82.4) सानिया प्रवीण रोल ना 30396 प्राप्त अंक 410 (82%), विज्ञान में टॉपर विद्यार्थियों का लिस्ट नीतीश कुमार रोल ना 10001 प्राप्त अंक 438(87.6)निखिल कुमार रोल ना 10129 प्राप्त अंक 433 (86.6%) आदर्श कुमार सिंह रोल ना 10156 प्राप्त अंक 430 (86%)वाणिज्य में टॉपर विद्यार्थी का लिस्ट पलक कुमारी रोल ना 20003 प्राप्त अंक 423 (84.6%)बरखा कुमारी रोल ना 20019 प्राप्त अंक 409 ( 81.8) नमिता कुमारी रोल ना 20011 प्राप्त अंक 407 (81.4%) लाकर टॉप रही। सफल सभी विद्यार्थियों के मम्मी पापा अभिभावक शुभ चिंतक के साथ-साथ शिक्षक शिक्षिका एवं प्रखंड के समाजसेवियों ने उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक के निधन पर शोक

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय से सेवानिवृत्ति प्रधानाध्यापक ठाकुरी प्रसाद राणा 90 वर्ष का निधन मंगलवार को हो गया। उनके निधन की खबर से विद्यालय परिवार में शोक की लहर दौड़ गई और विद्यालय में शोकसभा आयोजित किया गया। जिसमें दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। तत्पश्चात विद्यालय में मंगलवार को छुट्टी घोषित कर दी गई।


## कार्यालयः कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार

### शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि PR No.- 324107 NREP 24-25 *D द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण, सूचना संख्या–01 / 2024–25 में निविदा में परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि दिनांक– 02.05.2024 तथा निविदा प्राप्त करने एवं खोलने की तिथि दिनांक– 03.05.2024 को निर्धारित है, उक्त तिथि में निविदा में परिमाण विपत्र बिक्री, निविदा प्राप्त करने एवं निविदा खोलने की स्थल को संशोधित किया जाता है | जो निम्नवत है:–

परिमाण विपत्र बिक्री की स्थान :– पुलिस अधीक्षक कार्यालय, लातेहार |

निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– पुलिस अधीक्षक कार्यालय, लातेहार |

**निविदा की शेष सभी शर्तें यथावत रहेगी।**

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0, लातेहार

PR 324240 Rural Development (24-25)_D


## जपुआ बिरहोर टोला में एक वर्ष से जलमीनार बेकार

# आदिम जनजाति परिवार के लोग नदी-नाले का पानी पीने को मजबूर, पहुंचे प्रखंड कार्यालय

नवीन मेल संवाददाता

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड के जपुआ बिरहोर टोला में निवास कर रहे आदिम जनजाति परिवारों ने मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव को एक लिखित आवेदन दिया है। आवेदन में कहा गया है कि जपुआ बिरहोर टोला में लगभग 15 घरों की आदिम जनजाति परिवारों की आबादी है। जिसमें पानी के पीने की कोई व्यवस्था नहीं है। जिसके कारण स्नान करना तो दूर पानी पीने के लिए काफी दूर से नदी व नाले का गंदा पानी पीना पड़ता है। गंदा पानी पीने के कारण अधिकांश बच्चे बीमार पड़ जाते हैं। आवेदन में कहा गया है कि जपुआ बिरहोर टोला में पीएचडी विभाग से जल मीनार का निर्माण कराया गया था और निर्माण के पश्चात एक माह के अंदर ही खराब हो गया। लगभग एक साल पहले बनवाने के नाम पर संवेदक द्वारा मोटर व मशीन खोलकर ले जाया गया। परंतु आज तक जलमिनार का कार्य दुरुस्त नहीं किया गया। जिसके कारण जपुआ टोला में निवास कर रहे आदिमजाति परिवार के लोग पानी के बगैर त्राहि माम कर रहे हैं। स्थिति यह है कि दूर जाकर नदी व नाले से पानी लाकर पीते हैं और लगभग 4 से 5 दिनों के बाद एक दिन स्नान करते हैं। बीडीओ से अभिलंब पानी की व्यवस्था कराने व जलमिनार के संवेदक तथा संबंधित पर कार्रवाई करने की मांग की गई है। वहीं बीते शनिवार को बेहरा बिरहोर के पुतहु का प्रसव पीड़ा के तहत जच्चा बच्चा दोनों की मौत हो गई। जिसे लेकर बीडीओ से आर्थिक सहायता की गुहार लगाई है। प्रखंड कार्यालय बेहरा बिरहोर, नैकि बिरहोरीन, बुटीक बिरहोरीन, सुधनी बिरहोरीन आदि पहुंचे थे।

बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं लोग



## ब्राउन शुगर तस्कर को 15 वर्ष की सजा एक लाख जुर्माना, तस्करों में हड़कंप

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शंभू लाल साह की अदालत ने एनडीपीएस के मामले में चतरा जिले के पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र अन्तर्गत सीतलपुर निवासी मनीष कुमार निराला को 15 वर्ष की सजा सुनाई है। साथ ही एक लाख जुमार्ना भी लगाया गया है। जुमार्ना नहीं देने पर 6 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सहायक लोक अभियोजक दीपक कुमार संगा के अनुसार उक्त मामला जिले के पत्थलगड़ा थाना कांड संख्या 29/2022 दिनांक आठ जुलाई 2022 की है। उपरोक्त कांड के सूचक सह तत्कालीन थाना प्रभारी बमबम कुमार ने अपने लिखित बयान में बताया है कि 8 जुलाई 2022 को करीब 2 बजे गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र अन्तर्गत लेम्बोइया मंदिर के समीप होटल में एक व्यक्ति ब्राउन शुगर लेकर 4 बजे आने वाला है। सूचना वरीय पदाधिकारी को देते हुए दल-बल के साथ थाना प्रभारी श्री कुमार घटना स्थल पर पहुंचे तो देखा की एक व्यक्ति होटल के समीप खड़ा था। जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। तो उसे पुलिस बाल द्वारा दौड़ाकर पकड़ लिया गया। पकड़ने के बाद उसका नाम पूछने पर नाम मनीष कुमार निराला उम्र 32 वर्ष, पिता महेंद्र राम, ग्राम बरवाडी, टोला शीतलपुर, थाना पत्थलगड़ा, जिला चतरा बताया। उसके बाद पुलिस बल ने उसकी तलाशी ली, तो उसके पास से दो मोबाइल तथा उसके दाहिने पैर के घुटने में बंधे प्लास्टिक में ब्राउन शुगर पाउडर 500 ग्राम बरामद किया गया था। वहीं तत्कालीन थाना प्रभारी बमबम कुमार द्वारा इस कांड के बेहतर अनुसंधान के साथ सटीक और सही से गवाही कराने के कारण ही आरोपी को इतनी लंबी सजा संभव हो सकी है। न्यायलय के इस आदेश से नशा के सौदागरों में हड़कंप मच गया है।


## कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, लातेहार

### –: अतिआवश्यक सूचना :–

पशुपालन निदेशालय, झारखण्ड, रांची के पत्रांक– 521 नि० दिनांक– 23.04.2024 के अनुसार क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची में H5N1 Avian Influenza की पुष्टि की गई है | पक्षियों में संभवतः बर्ड फ्लू नामक बीमारी के कारण अधिक संख्या में असामान्य मृत्यु होती है | बर्ड फ्लू मुर्गी, बत्तख एवं अन्य पक्षियों में होनेवाली एक जानलेवा बीमारी है जो कि पक्षियों से मनुष्यों में भी फैल सकती है | अतएव हमें सजग एवं सतर्क रहना अति आवश्यक है |

| पक्षियों में बर्ड फ्लू के लक्षण | बर्ड फ्लू संक्रमण रोकने के उपाय |
|---|---|
| ➢ बहुत अधिक संख्या में अचानक मृत्यु होना |<br>➢ कलगी फूल जाना |<br>➢ कलगी, बाली एवं पैरों का रंग नीला हो जाना |<br>➢ नाक से पानी आना |<br>➢ पतला दस्त होना |<br>➢ सांस लेने में तकलीफ होना<br>➢ चलने में लड़खड़ाना | ➢ मृत पक्षियों को देखने पर उसे छुएं नहीं, ना ही नजदीक जाए |<br>➢ आस–पास रहने वाले व्यक्ति मास्क पहन लें |<br>➢ कुक्कुट फार्म में यदि कुक्कुट की अत्यधिक संख्या में आकस्मिक मृत्यु होती है तो अविलम्ब स्थानीय पशु चिकित्सा पदाधिकारी से सम्पर्क कर उनके निर्देशानुसार कार्य करें |<br>➢ जब तक उनके फार्म में बर्ड फ्लू की पुष्टि नहीं हो जाती है कुक्कुटपालक घबराऐं नहीं | |

यदि पक्षियों में असामान्य मृत्यु अधिक संख्या में हो रही है तो अपने निकटतम पशु चिकित्सालय या प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी से अविलम्ब सम्पर्क करें | साथ ही पशु चिकित्सा पदाधिकारियों को जाँच हेतु पक्षियों के Cloacal, Tracheal Swab लेने में सहयोग करें |

निवेदक :–
जिला पशुपालन पदाधिकारी,
लातेहार

PR.NO.324224 Animal Husbandry(24-25):D

